Pages 14
Bareilly, Sunday,
24 September 2017
BAREILLY EDITION

दैनिक जागरण

inext

PAGE NO.: 1 MIDDLE

प्रदेश में तालाब विकास प्राधिकरण बरेली को टेलीमेडिसिन का तोहफा

GOOD NEWS

- एसआरएमएस में टेलीमेडिसिन जिला अस्पताल में डायलिसिस
- यूपी का टूरिज्म सेंटर बनेगा लीलौर झील

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (23 Sept): बरेली पहुंचे प्रदेश सरकार के दो मंत्रियों ने सैटरडे को बड़ा ऐलान किया. सिंचाई मंत्री धर्मपाल सिंह ने तालाबों के संरक्षण के लिए तालाब विकास प्राधिकरण बनाए जाने की घोषणा की, तो स्वास्थ्य मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह ने बरेली को टेलीमेडिसिन का तोहफा दिया, जिसका सेंटर एसआरएमएस को बनाया गया है. इसके अलावा डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल में डायलिसिस सेंटर जल्द ही ओपन करने की भी घोषणा की.

वन ड्रॉप, मोर क्रॉप का यूज

सिंचाई मंत्री ने कहा कि प्राधिकरण के गठन से जल संरक्षण की मुहिम को बढ़ावा मिलेगा. प्रधानमंत्री की पहल पर इज्राइली पद्धति से सिंचाई वन ड्रॉप मोर क्रॉप के आधार पर प्रदेश में 40 नलकूपों पर कार्य प्रथम चरण में किया जाएगा. सिंचाई की राष्ट्रीय परियोजनाओं में दो नदियों को जीवित करने का प्रोजेक्ट लागू किया गया है. बरेली की अरिल नदी में भी पानी डाला जाएगा. लीलौर झील को उप्र का पर्यटक स्थल बनाया जाएगा.

जल संरक्षण की दिशा में सरकार का बड़ा कदम.

हायर सेंटर नहीं ले जाना होगा

टेलीमेडिसिन सेंटर के जरिए इंटीरियर एरिया में भी इलाज की सुविधा मिल सकेगी. मोबाइल वैन दूरस्थ गांवों में जाएगी, जिसमें डॉक्टर भी होंगे. टेलीमेडिसिन सेंटर पर किसी भी बीमारी के बारे में कंसल्टेशन और इलाज हासिल कर सकेंगे. गंभीर बीमारी से पीड़ित मरीजों को एक्सपर्ट डॉक्टर से इलाज की सलाह के लिए हायर सेंटर लेकर नहीं दौड़ना होगा.